तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 जून 2026

11 प्राचार्या शम्पा को विदाई, सचित्र पुस्तक का...



12 लेवई में 5 लाख की लागत से पानी टंकी निर्माण ...








# अनीता केवट बनीं नई सरपंच, लोकेश्वर पंकज को 360 मतों के भारी अंतर से हराया

## कोट (क) उपचुनाव परिणामः प्रशासनिक मुस्तैदी के बीच शांतिपूर्ण मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जनपद पंचायत कसडोल के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोट (क) में सरपंच व पंच पद के लिए हुआ उपचुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। सुबह 7 बजे से शुरू होकर दोपहर 3 बजे तक चले इस मतदान में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मतगणना के पश्चात घोषित परिणामों में चश्मा छाप प्रत्याशी अनीता केवट ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 360 मतों के भारी अंतर से शिकस्त देकर सरपंच पद पर शानदार जीत दर्ज की है। उपचुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस बल और प्रशासनिक अमला मतदान केंद्रों पर मुस्तैद रहा। पूरी चुनाव प्रक्रिया पर पैनी नजर रखने के लिए तहसीलदार विवेक पटेल एवं ▶▶ शेष पेज 11 पर





### किसे कितने मिले मत?

उपचुनाव के लिए दो मतदान केंद्र क्रमांक 89 और 90 बनाए गए थे। मतदान केंद्र क्रमांक 89 में कुल 510 मत पड़े, जिनमें 267 महिला एवं 243 पुरुष मतदाता शामिल रहे। इस केंद्र में 14 मत निरस्त हुए। यहां अनीता केवट को 294, लोकेश्वर पंकज को 87, मेमिन पैकरा को 105 तथा संतोष साहू को 10 मत प्राप्त हुए। वहीं मतदान केंद्र क्रमांक 90 में कुल 619 मत पड़े, जिनमें 326 महिला एवं 293 पुरुष मतदाता शामिल रहे। इस केंद्र में 47 मत निरस्त हुए। यहां अनीता केवट को 316, लोकेश्वर पंकज को 163, मेमिन पैकरा को 89 तथा संतोष साहू को 4 मत प्राप्त हुए। अनीता केंवट की जीत के बाद समर्थकों में खुशी का माहौल रहा।

## खबर संक्षेप

### 45 लीटर महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार




**कसडोल।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा तथा जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार गश्त एवं कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कसडोल नगर में रविवार को 9 हजार रुपए का अवैध महुआ शराब जब्त किया गया। वृत्त कसडोल में आबकारी विभाग द्वारा आरोपिया मंजू जांगडे पति कैलाश उम्र 33 वर्ष पता सतनामी पारा वार्ड क्र.14 कसडोल थाना कसडोल के कब्जे से 45 बल्क लीटर महुआ शराब जप्त किया गया। महुआ शराब का बाजार मूल्य 9,000 रुपए होना पाया गया। आरोपिया मंजू जांगड़े पति कैलाश उम्र 33 वर्ष पता सतनामी पारा कसडोल थाना कसडोल के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) 59 (क) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी, जलेश कुमार सिंह नगर सैनिक कमल वर्मा, दुर्गेशवरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### स्वामी आत्मानंद स्कूलों में संविदा भर्ती स्थगित

**बलौदाबाजार।** जिले में संचालित 16 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में रिक्त 57 पदों पर संविदा भर्ती को स्थगित कर दिया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त भर्ती प्रक्रिया को स्थगित किया गया है। उपरोक्त स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक पदों हेतु संविदा भर्ती केन्द्रीयकृत परीक्षा संचालनालय द्वारा आयोजित कराई जायेगी।

### स्व. तुलसा साहू की पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर आज

**बलौदाबाजार।** शहर के अम्बेडकर चौक स्थित साहू नर्सिंग होम में मंगलवार 2 जून को स्वर्गीय तुलसा साहू जी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक दिवसीय निःशुल्क ओपीडी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जा रहा है। शिविर में वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. के.के. साहू एवं डॉ. आदर्श साहू द्वारा मरीजों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया जाएगा। शिविर के दौरान



बच्चों की विभिन्न बीमारियों जैसे बुखार, खांसी, जुकाम, दस्त, निमोनिया, दमा, एलर्जी सहित अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच एवं उपचार संबंधी परामर्श दिया जाएगा। साथ ही टीकाकरण, नवजात शिशु देखभाल एवं बाल स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की जाएगी। आयोजकों ने क्षेत्र के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ लेने की अपील की है। साहू नर्सिंग होम में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क उपचार की सुविधा भी उपलब्ध है।

## सौगात : जिले को बड़ी सौगात: पीडब्ल्यूडी कराएगा निर्माण

# आगजनी से निपटने 92 लाख रुपए की लागत से नगर में बनेगा फायर स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर बलौदाबाजार सहित आसपास के क्षेत्र में समय-समय पर होने वाली गंभीर अग्नि दुर्घटना से पीड़ित को जनधन की क्षति होती है, ऐसी दुर्घटना वह आपदा से तत्काल निपटने के लिए ही नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन की पहल पर कैबिनेट मंत्री एवं विधायक टंकराम वर्मा से फायर स्टेशन बनाये जाने की मांग के अनुरूप नगर में आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से 92 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई, उक्त निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। आगजनी की घटना से नगर सहित आसपास के क्षेत्र में समय-समय पर होने वाली अग्नि दुर्घटना से पीड़ित को जनधन की भारी क्षति होती है व कुछ पल में सब कुछ जल कर नष्ट हो जाता है, किंतु आग को बुझाने के लिए पीड़ित व हित करने की सोंचने वाले लोग बदहवास होकर बेबस फायर बुझाने वाहनों की प्रतीक्षा करते रहते हैं, तत्कालीन सुविधा में आसपास से मिलने वाले बोर का पानी ही एक सहारा होता है। ऐसी ही घटनाओं व आपदा से निपटने व आगजनी की आकस्मिक घटना को बढ़ने से पहले रोकने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा फायर ब्रिगेड की व्यवस्था के साथ निर्माण व सुधार संधारण हेतु भवन बनाए जाने की मांग की गई थी, इस संबंध में कैबिनेट मंत्री एवं विधायक टंकराम वर्मा से चर्चा कर फायर ब्रिगेड व फायर स्टेशन की मांग की गई थी साथ ही इस सम्बंध में कलेक्टर बलौदाबाजार से भी इस बाबत मांग एवं चर्चा अनुरूप निर्माण हेतु स्थल चयन किया गया था।



### यातायात थाना के पीछे गौरव पथ के पास बनेगा नया स्टेशन

अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं के अंतर्गत फायर स्टेशन के लिए भवन एवं गैरेज के निर्माण किए जाने 92 लाख की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त हुई है, उक्त कार्य कैबिनेट मंत्री के आपदा प्रबंधन अंतर्गत प्रदाय किया गया है, जिसका निर्माण नगर के मध्य यातायात थाना के पीछे गौरव पर के समीप रिक्त भूमि में किया जाना प्रस्तावित है। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के मांग एवं प्रयास के फल स्वरुप उक्त फायर स्टेशन का अति शीघ्र निर्माण प्रारंभ होगा

### जनप्रतिनिधियों और कैबिनेट मंत्रियों का जताया आभार



नगर बलौदा बाजार जिला मुख्यालय होने के बाद भी तात्कालिक सुविधा व व्यवस्था के लिए फायर स्टेशन नहीं होने से कभी भी आपदा अग्नि दुर्घटना में आसपास के सीमेंट संयंत्र व नगर सेना की सुविधा मिलती थी और इसी घटित अग्नि दुर्घटनाओं में घटना स्थल पर तत्काल सुविधा मिल सके इसके लिए नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए कुछ मांग रखी गई थी, जिसे पूर्ण किया गया है। फायर स्टेशन के लिए स्थल पूर्व में ही चयनित कर लिया गया था स्वीकृति पर उपमुख्यमंत्री एवम नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव जी,रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित कैबिनेट मंत्री एवं विधायक टंकराम वर्मा जी का आम जन व लोगो के प्रति अदाध श्रद्धा रखते हुए सहयोग दिए जाने पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन सहित उपाध्यक्ष जितेंद्र महले एवं सभापति व पार्षद गण ने हृदय से आभार व्यक्त किया व नगर के लिए समय-समय पर मिलने वाले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया है जिसमे हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना, कन्हैया सेन, प्रिया शशिभूषण शुक्ला, मनोज कान्त पुरैना, आदित्य गुप्ता, पार्षद अंजनी गोविंद पात्रे, अमितेष नेताम, रेखा पोषण पटेल, श्रद्धा मनीष वर्मा, रोहित साहू, लोकेश चेलक, सतीश पटेल, सुरेश घृतलहरे, गौतम सिंह चौहान, चन्द्र शेखर गुप्ता, डिगेश्वरी रविंद्र नामदेव, मंजू फेकर, सलमान शेख, ममता सुभाष राव ने धन्यवाद ज्ञापित कर कार्य की सराहना किये है, वहीं नगर के निवासियों ने भी फायर स्टेशन के निर्माण की स्वीकृति पर हर्ष व आभार व्यक्त किया है।

# नायब तहसीलदार से मारपीट का विरोध पटवारियों ने भी दी आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बीते दिनों दिनांक 27 मई को सरगुजा जिले के मैनपाट तहसील अंतर्गत उपतहसील राजापुर में पदस्थ नायब तहसीलदार तुषार मानिक के साथ सीतापुर के विधायक रामकुमार टोप्पो एवं उनके उनके समर्थकों द्वारा किए गए मारपीट के विरोध में कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ 1 जून से उक्त घटना में शामिल सभी अपराधियों की गिरफ्तारी होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। उक्त हड़ताल का समर्थन करते हुए प्रशासन की रीड की हड्डी कहे जाने वाले राजस्व पटवारी संघ द्वारा भी उक्त संबंध में राजस्व पटवारी संघ की प्रांतीय निर्देशानुसार राजस्व मंत्री के नाम कलेक्टर बलौदाबाजार भाटापारा को ज्ञापन सौंपकर कर उक्त घटना की निंदा की है तथा उक्त घटना में शामिल अपराधियों पर कानून के अनुसार कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में किसी भी समय उक्त हड़ताल का समर्थन करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने बात कही गई है। संभाग अध्यक्ष भावेश वर्मा एवं जिला अध्यक्ष रसपाल सिंह नियुक्त संबंध बतलाया कि नायब तहसीलदार तुषार मानिक के साथ हुई मारपीट कि घटना की निंदा करता है एक शासकीय सेवक के साथ शासकीय कार्य करते समय मारपीट करना एवं दुर्व्यवहार करना घोर निंदनीय है। जिसके संबंध में आज कलेक्टर महोदय बलौदा बाजार को ज्ञापन सौंपा है यदि जल्द से जल्द आरोपियों पर कार्यवाही नहीं होती है तो जिला बलौदाबाजार का राजस्व ▶▶ शेष पेज 11 पर

# सूने मकान में 15 लाख से अधिक की चोरी

## आरोपी बिलासपुर से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

थाना भाटापारा शहर पुलिस को चोरी के एक बड़े मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। सुभाष वार्ड भाटापारा स्थित एक सूने मकान में लाखों की चोरी करने वाले दो शातिर आरोपियों को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बिलासपुर से हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवर और नगदी रकम जब्त की गई है। प्रार्थी ढाल सिंह ठाकुर, निवासी सुभाष वार्ड अपनी पत्नी का इलाज कराने रायपुर गए हुए थे। इस दौरान उनका मकान सूना था। प्रार्थी के सूने मकान का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ा और अलमारी में रखे नगदी रकम तथा सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए। घटना की जानकारी 21.05.2026 ▶▶ शेष पेज 11 पर

### किराएदार निकला चोर

आरोपी अरूण साल्वे सुभाष वार्ड भाटापारा में किराए का मकान लेकर रह रहा था। वह मोहल्ले के घरों की रेकी करता था, जैसे ही उसे पता चला कि मकान मालिक ढाल सिंह ठाकुर सपरिवार रायपुर गए हुए हैं, उसने मौका पाकर बिलासपुर निवासी अपने दोस्त संजय खरे के सांथ रात में धावा बोल दिया और चोरी की वारदात को अंजाम देकर बिलासपुर फरार हो गए। दोनों आरोपियों को को विधिवत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम अरुण साल्वे उम्र 40 साल निवासी मण्डी चौक टिकरापारा बिलासपुर थाना सिटी कोतवाली बिलासपुर वर्तमान पता सुभाष वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, संजय खरे उम्र 34 साल निवासी टिकरापारा बिलासपुर थाना सिटी कोतवाली बिलासपुर।

### शातिर चोरों से 10 तोला सोना 20 तोला चांदी और नकदी बरामद

पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपियों का पीछा किया गया, जिसके बाद दोनों शातिर आरोपियों को बिलासपुर से घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। इस दौरान दोनों आरोपी चोरी का सामान सोने चांदी की जेवर आदि बेचने की फिराक में बिलासपुर में घूम रहे थे। कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का शत-प्रतिशत मशरूका बरामद करने में सफलता पाई है।

सोनाः लगभग 10 तोला (सोने के जेवरात), कीमती- 15,00,000, चांदी लगभग 20 तोला (चांदी के जेवरात), कीमती 48,000 ।

नगदी रकमः 23,420/-, नगदी रकम, सोने चांदी के जेवर सहित कुल 15,71,420।

आरोपी शातिर किस्म के हैं।

# शराब दुकान में सेल्समैन की गुंडागर्दी डिजिटल पेमेंट मांगने पर ग्राहकों से गाली-गलौज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



गिधपूरी स्थित देशी-विदेशी शराब भट्टी (दुकान) में सेल्समैन की गुंडागर्दी और अभद्र व्यवहार से ग्राहकों में भारी आक्रोश है। पिछले आठ माह से चल रही इस दुकान पर कर्मचारियों और ग्राहकों के बीच विवाद आम बात हो गई है, लेकिन रविवार को हुई घटना ने सारी हदें पार कर दीं। जानकारी के अनुसार, रविवार देर शाम को ग्राहक तुका राम साहू ग्राम गिधपुरी, होरी, संजय सहित कई लोग शराब लेने दुकान पहुंचे। इस दौरान नशे में धुत सेल्समैन श्याम साहू ने ग्राहकों से हुज्जत करना शुरू कर दिया। ग्राहकों ने जब ऑनलाइन भुगतान (स्कैनर) करने की बात कही तो मामला और बिगड़ गया। हालांकि अधिकतर ग्राहक डिजिटल भुगतान पसंद करते हैं, लेकिन शराब भट्टी में कोई स्कैनर उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसी बात पर सेल्समैन ने ग्राहकों के साथ न सिर्फ बदसलूकी की, बल्कि गाली-गलौज तक कर दी। ग्राहकों का आरोप है कि शाम और रात के समय दुकान पर भीड़ का फायदा उठाकर ▶▶ शेष पेज 11 पर

# 4 को सरपंच के खिलाफ होगा अविश्वास मतदान

**लवन।** लवन तहसील से करीब 10 किलोमीटर दूर बसा ग्राम पंचायत तुरमा में 29 मई को सरपंच के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव मतदान होना था जो सरपंच द्वारा माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दाखिल करने के बाद कोर्ट के 2 दिन अतिरिक्त समय दिए जाने के बाद 29 मई का मतदान टल गया था जो अब एक बार फिर 04 जून को किए जायेंगे जिसके लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा आदेश जारी कर सूचना दी गई है। जिसकी तैयारी में संबंधित विभाग के अधिकारी जुट गए हैं। इस मामले को लेकर हरिभूमि ने प्रमुख रूप से खबर प्रकाशित कर मामले में रोशनी डाले गए थे जिसमें अधिकारियों ने ज्यादा अवधि नहीं लेते हुए 04 जून को मतदान तिथि निर्धारित किये गए हैं।




## एनेस्थीसिया डॉक्टर की पोस्टिंग के बाद प्रसव का पहली बार सिजेरियन ऑपरेशन

# जिला अस्पताल में पहला सिजेरियन ऑपरेशन सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा अनुरूप जिले में विकास की गाथा निरंतर लिखी जा रही है। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. कुन्ती नायक की पोस्टिंग, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रानू मनहर और उनकी टीम ने पहले ही दिन सोमवार को सुरक्षित प्रसव कराकर जिला चिकित्सालय सारंगढ़ के नाम उपलब्धि दर्ज की है। यह गर्भवती माताओं के प्रसव काल के लिए वरदान है। इस बेहद संवेदनशील और पहले ऑपरेशन की कमान जिला अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रानू मनहर ने संभाली। डॉ. मनहर और उनकी पूरी तरह ट्रेंड व मुस्तैद मेडिकल टीम ने अपनी विशेषज्ञता का परिचय देते हुए ऑपरेशन को शत-प्रतिशत सफल बनाया। ऑपरेशन के बाद किलकारी गूंजते ही पूरा अस्पताल स्टाफ खुशी से झूम उठा। वर्तमान में मां और नवजात शिशु दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं और डॉक्टरों की निगरानी में हैं।



### आदेश निकलते ही काम शुरू

सारंगढ़ जिला अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन की राह में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की कमी सबसे बड़ा रोड़ा बनी हुई थी। इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए जिला प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन ने एड़ी-चोटी का जोर लगा रखा था। नतीजा यह हुआ कि संचालक चिकित्सा शिक्षा द्वारा एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. कुन्ती नायक की सेवाएं जिला चिकित्सालय सारंगढ़ के लिए जारी की गईं। डॉ. नायक के कार्यभार संभालते ही, अस्पताल प्रबंधन ने बिना एक पल गंवाए 01 जून 2026 को इस ऐतिहासिक ऑपरेशन को हरी झंडी दी है। जिला चिकित्सालय सारंगढ़ ने आज स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचकर अपनी उपयोगिता और क्षमता का लोहा मनवा दिया है। वर्षों से जिस आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा की जरूरत क्षेत्र की जनता को थी, वह सपना आज सच हो गया। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के कुशल निर्देशन, सीएमएचओ डॉ पुष्पेन्द्र वैष्णव व सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप आज जिला चिकित्सालय में पहला सफल (सिजेरियन) ऑपरेशन पूरी कामयाबी के साथ संपन्न किया गया।

### गरीब परिवारों को मिली बड़ी राहत

इस बड़ी कामयाबी पर गर्व व्यक्त करते हुए सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने कहा, यह सिर्फ एक ऑपरेशन नहीं है, बल्कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत है। कलेक्टर के विजन के कारण आज हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं। अब हमारे क्षेत्र की गरीब और मध्यमवर्गीय गर्भवती माताओं को सिजेरियन या किसी भी जटिल प्रसव के लिए रायगढ़, बिलासपुर या महंगे प्राइवेट अस्पतालों के चक्कर काटने को मजबूर नहीं होना पड़ेगा। उन्हें उनके घर के पास ही यह बेहद खर्चीली सुविधा बिल्कुल मुफ्त और विश्वस्तरीय मानकों के साथ मिलेगी। जिला अस्पताल की इस ऑपरेशन सुविधा से पूरे सारंगढ़ बिलाईगढ़ अंचल में भारी उत्साह है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, इलाज कराने आये नागरिकों ने कलेक्टर, सिविल सर्जन सहित पूरी डॉक्टर टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि जिला अस्पताल में अब सभी सुविधा धीरे धीरे मिल रही है।

# किसानों को अब किस्तों में मिलेगी खाद, 2.5 एकड़ पर दो और पांच एकड़ पर तीन किस्तों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में किसानों के लिए यह पहला अवसर होगा, जब किसानों को खाद भी किस्तों में दी जाएगी। खास बात ये है कि सबसे कम खेत वाले छोटे किसानों को पूरी खाद मिलेगी, लेकिन ढाई एकड़ और पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को दो से तीन किस्तों में 20-20 दिनों के बाद खाद लेने का मौका मिलेगा। हालांकि अभी भी रायपुर जिले की कई सोसाइटियों में डीएपी खाद नहीं है, वहां यूरिया और पोटाश ही उपलब्ध है।

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन-2026 के दौरान किसानों को रासायनिक उर्वरकों का वितरण अब चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। राज्य सरकार के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने सहकारी क्षेत्र में उर्वरक वितरण के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकार का तर्क है कि इससे उर्वरकों का संतुलित उपयोग बढ़ेगा, कालाबाजारी और अनावश्यक भंडारण पर रोक लगेगी तथा पूरे सीजन में किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी।

### पिछले साल से कम खाद मिलेगी

राज्य सरकार के आदेश के अनुसार खरीफ 2025 में किसानों को जितनी यूरिया और डीएपी खाद वितरित की गई थी, खरीफ 2026 में शुरुआत में उसकी केवल 80 प्रतिशत यूरिया और 60 प्रतिशत डीएपी मात्रा ही दी जाएगी। शेष खाद बाद के चरणों में उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार का कहना है कि यह व्यवस्था एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन (आईएनएम) और सतत कृषि विकास की अवधारणा के अनुरूप है।

**खरीफ 2026 के लिए उर्वरक वितरण की नई व्यवस्था लागू**

**उर्वरकों के गैर-कृषि उपयोग तथा अनावश्यक भंडारण पर भी अंकुश लगेगा**



### डीएपी की कमी होने पर नैनो डीएपी का विकल्प

सरकार ने निर्देश में कहा है कि डीएपी की शेष 40 प्रतिशत मात्रा पारंपरिक डीएपी उपलब्ध होने पर दी जाएगी। यदि इसकी आपूर्ति बाधित होती है तो किसानों को वैकल्पिक रूप से नैनो डीएपी उपलब्ध कराया जा सकेगा। हालांकि आदेश में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी किसान को नैनो उर्वरक लेने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा और यह पूरी तरह वैकल्पिक व्यवस्था होगी। इसी तरह यूरिया की शेष 20 प्रतिशत मात्रा भी पारंपरिक यूरिया उपलब्ध होने पर वितरित की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर नैनो यूरिया का विकल्प दिया जा सकेगा।

### छोटे किसानों को पूरी खाद, बड़े किसानों के लिए किस्तों में

नई व्यवस्था में सीमांत किसानों को राहत दी गई है। जिन किसानों के पास 2.5 एकड़ तक भूमि है, उन्हें निर्धारित खाद एकमुश्त उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं 2.5 से 5 एकड़ तक भूमि रखने वाले लघु किसानों को यूरिया दो किस्तों में मिलेगा। दूसरी किस्त पहली किस्त मिलने के 20 दिन बाद दी जाएगी। पांच एकड़ से अधिक भूमि रखने वाले बड़े किसानों को यूरिया तीन किस्तों में उपलब्ध कराया जाएगा। दूसरी किस्त पहली किस्त के 20 दिन बाद और तीसरी किस्त दूसरी किस्त के 20 दिन बाद दी जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना बताया गया है कि किसान एक साथ अधिक मात्रा में खाद न लें और आवश्यकता के अनुसार ही उसका उपयोग करें।

---


**खबर संक्षेप**

### हिंदी पत्रकारिता की दो शताब्दियों की गौरवपूर्ण यात्रा और वर्तमान स्वरूप पर चर्चा



**रायपुर।** कान्यकुब्ज सभा शिक्षा मंडल एवं छत्तीसगढ़ मित्र मंडल के संयुक्त तत्वाधान में हिंदुस्तान के प्रथम हिंदी समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रकाशन के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने 'उदन्त मार्तण्ड' के 200 वर्ष पूर्ण होने को हिंदी पत्रकारिता के इतिहास का एक गौरवपूर्ण एवं प्रेरणादायी अवसर बताते हुए पत्रकारिता के मूल्यों, निष्पक्षता और सामाजिक उत्तरदायित्व को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में हिंदी पत्रकारिता की दो शताब्दियों की गौरवपूर्ण यात्रा, उसके संघर्ष, विकास और वर्तमान स्वरूप पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर डॉ. सुशील त्रिवेदी ने हिंदी पत्रकारिता की परंपरा एवं उसके सामाजिक दायित्वों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. श्रीराम परिहार ने 'उदन्त मार्तण्ड' से लेकर वर्तमान डिजिटल पत्रकारिता तक की 200 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा का विस्तृत एवं तथ्यपरक विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विभिन्न कालखंडों में हिंदी पत्रकारिता ने समाज जागरण, राष्ट्रीय चेतना तथा जनमत निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सुरेश मिश्रा, प्रख्यात साहित्यकार एवं चिंतक डॉ. श्रीराम परिहार, डॉ. सुशील त्रिवेदी, वीरेंद्र पाण्डेय, डॉ. प्रभात मिश्रा, डॉ. शशांक शर्मा, डॉ. रविन्द्र मिश्रा, डॉ. श्रीचंद मिश्रा, डॉ. सुधीर शर्मा, बड़ी संख्या में साहित्य, पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े नागरिक उपस्थित रहे।

### राजधानी की चारों दिशाओं में तालाब संरक्षण महाभियान



**रायपुर।** ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर शहर के विभिन्न तालाबों के संरक्षण, पुनर्जीवन एवं स्वच्छता हेतु व्यापक जनअभियान चलाया जा रहा है। संस्था द्वारा तालाबों के संरक्षण, गहरीकरण, जल शुद्धिकरण व्यवस्था तथा तालाबों में मिल रहे गंदे नालों पर रोक लगाने सहित विभिन्न जनहितकारी मांगों को लेकर नगर निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा गया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि ग्रीन आर्मी द्वारा वर्तमान में हांडी तालाब तात्यापारा, बंधवा तालाब लाखेनगर, गोपिया डबरी प्रोफेसर कॉलोनी मार्ग, महाराजबंध तालाब पुरानी बस्ती, बदलवा तालाब लाखेनगर, आमा तालाब-1 एवं आमा तालाब-2 देवपुरी, राजा तालाब, कल्याण सागर गदही तालाब रायपुरा, आत्मानंद तालाब चौबे समता कॉलोनी तथा भुईंया तालाब टाटीबंध, शीतला तालाब सहित रायपुर के 11 प्रमुख तालाबों के संरक्षण हेतु सक्रिय रूप से कार्य किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक अमिताभ दुबे, रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा, भारती श्रीवास्तव ब्लू विंग अध्यक्ष, मोनिका बागरेचा ग्रीन विंग अध्यक्ष, संजय भौमिक ब्राउन विंग अध्यक्ष, श्याम बघेल व्हाइट विंग अध्यक्ष समेत पदाधिकारी, सदस्य महाभियान में जुटे हुए हैं।

---

### नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जारी किया निर्देश

# सीवर सफाई में मौत या हादसा हुआ तो अफसर होंगे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

छत्तीसगढ़ सरकार ने सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं और सफाई कर्मियों की मौतों पर सख्त रुख अपनाया है। नगरीय प्रशासन विभाग ने राज्य के सभी नगर निगमों, नगरपालिका परिषदों और नगर पंचायतों को निर्देश जारी कर कहा है कि बिना सुरक्षा उपकरण, प्रशिक्षण और मशीनों के किसी भी सफाईकर्मी को सीवर या सेप्टिक टैंक में नहीं उतारा जाएगा। निर्देशों का उल्लंघन होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी और दुर्घटना की स्थिति में उनकी व्यक्तिगत जवाबदेही तय होगी।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने अपने आदेश में कहा है कि असुरक्षित सफाई व्यवस्था, बिना सुरक्षा उपकरणों के सीवर में प्रवेश और सफाई कर्मियों की मौत तथा गंभीर चोटों की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। इसे देखते हुए राज्य के सभी नगरीय निकायों को सफाईकर्मियों की सुरक्षा, पंजीयन, प्रशिक्षण, मशीनीकरण और दुर्घटना रोकथाम के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

निर्देशों के तहत प्रत्येक नगरीय निकाय को सीवर, सेप्टिक टैंक और भूमिगत जल निकासी व्यवस्था से जुड़े सभी सफाईकर्मियों का सर्वे कर उनका डिजिटल डेटाबेस तैयार करना होगा। इसमें स्थायी, संविदा और अनौपचारिक रूप से काम करने वाले श्रमिक भी शामिल होंगे। साथ ही अपंजीकृत और दस्तावेज विहीन व्यक्तियों को ऐसे जोखिमपूर्ण कार्यों में लगाने पर रोक लगाई गई है।

## हर जिले में बनाएं इमरजेंसी सैनिटेशन यूनिट

### पीपीई किट और बीमा अनिवार्य

सरकार ने नमस्ते योजना के तहत सभी पात्र सफाईकर्मियों का पंजीयन कराने, उन्हें हेलमेट, दस्ताने, गमबूट, सुरक्षा हार्नेस, मास्क और सुरक्षा सूट सहित पीपीई किट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य कवरेज, समूह दुर्घटना बीमा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने को भी अनिवार्य बनाया गया है। पीपीई किट का उपयोग नहीं करना सुरक्षा उल्लंघन माना जाएगा।



### हर जिले में बनेगी इमरजेंसी सैनिटेशन यूनिट

आदेश के अनुसार प्रत्येक जिला मुख्यालय में 'इमरजेंसी रिस्पॉन्स सैनिटेशन यूनिट' स्थापित की जाएगी। यह इकाई जेटिंग मशीन, सक्शन मशीन और अन्य आधुनिक उपकरणों से लैस होगी तथा सीवर दुर्घटनाओं, विषैली गैस के रिसाव और अन्य आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई करेगी। सरकार ने सभी नगरीय निकायों को मशीनीकृत सफाई को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है।

### बिना प्रशिक्षण किसी को नहीं मिलेगा काम

नए निर्देशों के तहत सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए केवल प्रशिक्षित, पंजीकृत और प्रमाणित कर्मियों को ही नियुक्त किया जा सकेगा। किसी भी जोखिमपूर्ण या संकरे स्थान में सफाई कार्य के लिए संबंधित नगरीय निकाय की पूर्व लिखित अनुमति आवश्यक होगी। यदि कोई ठेकेदार या निजी एजेंसी अप्रशिक्षित या असुरक्षित श्रमिकों को ऐसे कार्यों में लगाती पाई जाती है तो उसके अनुबंध तत्काल समाप्त किए जाएंगे और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### हाथ से मैला उठाने की प्रथा खत्म करने पर जोर

सरकार ने दोहराया है कि 'हाथ से मैला उठाने वाले कर्मकारों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013' के तहत बिना सुरक्षा और मशीनों के सीवर या सेप्टिक टैंक की सफाई कराना प्रतिबंधित है। सभी नगरीय निकायों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि उनके क्षेत्र में हाथ से मैला उठाने की प्रथा पूरी तरह समाप्त हो।

### हादसे पर अफसरों की व्यक्तिगत जवाबदेही

सरकार के आदेश का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि किसी भी नगरीय निकाय क्षेत्र में सफाई कार्य के दौरान दुर्घटना, मौत, गंभीर चोट या असुरक्षित सफाई गतिविधि सामने आने पर संबंधित नगर निगम आयुक्त या मुख्य नगर पालिका अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार माना जाएगा। ऐसे मामलों में विभागीय और प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी तथा लापरवाही को गंभीर कर्तव्यहीनता माना जाएगा।

### शिकायतों के लिए 1100 हेल्पलाइन और नोडल अधिकारी

असुरक्षित सफाई और हाथ से मैला उठाने की शिकायतों के लिए निदान पोर्टल और राज्य हेल्पलाइन नंबर 1100 का व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक नगरीय निकाय में एक 'सफाई सुरक्षा नोडल अधिकारी' भी नियुक्त किया जाएगा, जो शिकायतों की निगरानी और समाधान के लिए जिम्मेदार होगा।

---

# ईपीएफ प्रकरणों में श्रमिकों की बैठक लंबित मामलों पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम गार्डन में रविवार को लोक निर्माण विभाग विद्युत एवं यांत्रिकी संभाग रायपुर के दैनिक श्रमिकों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक सर्व विभागीय दैनिक श्रमिक कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में की गई। बैठक में प्रांत कार्यकारिणी के पदाधिकारी, विभिन्न संभागों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में प्रभावित श्रमिक शामिल हुए। बैठक में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा वर्ष 2021 से 2024 की अवधि के संबंध में जारी नोटिस, विभागीय स्थिति, पात्र श्रमिकों के ईपीएफ अंशदान तथा लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में संबंधित विभागीय अधिकारियों, प्रमुख अभियंता, सचिव लोक निर्माण विभाग एवं ईपीएफ अधिकारियों से पुनः समन्वय स्थापित कर प्रकरण के त्वरित निराकरण के लिए प्रभावी पहल की जाएगी।

संगठन ने सभी श्रमिकों से एकजुट रहने तथा आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराने का आग्रह किया है, ताकि लंबित ईपीएफ राशि एवं अन्य वैधानिक लाभों की प्राप्ति की प्रक्रिया को गति मिल सके। बैठक में संघ के प्रांताध्यक्ष राकेश साहू ने कहा कि संगठन श्रमिकों के वैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। ईपीएफ जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र श्रमिक तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता है। बैठक में दैनिक श्रमिक कल्याण संघ लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष सोमनाथ साहू, श्रमिकों, पदाधिकारी एवं सहयोगी उपस्थित रहे।

---

# लगेगा महंगी बिजली का झटका, इस माह नया टैरिफ जारी करने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**अलग खबर**

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को इस माह जून से महंगी बिजली का झटका लग सकता है। नए सत्र के लिए बिजली का नया टैरिफ जारी करने की बिजली नियामक आयोग में तैयारी चल रही है। जून में कभी भी इसको जारी किया जा सकता है। आयोग तय करेगा कि नया टैरिफ जून से लागू होया या फिर अगले माह जुलाई से। टैरिफ पर फैसला करने में इसलिए विलंब हो रहा है, क्योंकि आयोग में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनियों ने अपने आने वाले चार साल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया है। इसका आकलन करने में ज्यादा समय लग रहा है। इसी के साथ नए सत्र के लिए 63 सौ करोड़ घाटे की याचिका के कारण भी इसके मंथन में विलंब हो रहा है। नियमों के मुताबिक जब पॉवर कंपनी नए सत्र के लिए टैरिफ का लेखा-जोखा नियामक आयोग में देती है तो उसको चार साल के खर्च का हिसाब देना रहता है। एक बार चार साल का लेखा-जोखा देने के बाद फिर हर साल चार साल का लेखा-जोखा देने की जरूरत नहीं होती है।

### इस तरह हर साल बढ़ेगा खर्च

पॉवर कंपनी ने अपनी याचिका में बताया है कि उसको 2026-27 के लिए 25460.30 करोड़ के राजस्व की जरूरत है। इसमें सबसे ज्यादा 21150.81 करोड़ का खर्च बिजली खरीदने पर होगा। इसी के साथ 3250.34 करोड़ संचारण एवं संधारण का खर्च है। 429.50 करोड़ का ब्याज, 1116.15 करोड़ अन्य व्यय होगा। इसके बाद 2027-28 में बिजली खरीदी पर 22437.96 करोड़ का खर्च होगा। इसके बाद 3614.89 करोड़ संचारण एवं संधारण खर्च, 1259.58 करोड़ अन्य खर्च और 518.27 करोड़ का खर्च ब्याज पर होगा। इस सत्र में कुल 27306.02 करोड़ का खर्च होगा। 2028-29 में 24964.63 करोड़ का खर्च बिजली खरीदी पर होगा। संचारण एवं संधारण का खर्च भी बढ़कर 3940.21 करोड़ होगा। अन्य खर्च जहां 1381.35 होगा वहीं ब्याज पर 587.62 करोड़ लगेंगे। ऐसे में कुल मिलाकर 30307.93 करोड़ के राजस्व की जरूरत होगी। इसी तरह से 2029-30 के सत्र में सबसे ज्यादा 27179.48 करोड़ का खर्च बिजली खरीदी पर लगेगा।

### 63 सौ करोड़ घाटे की याचिका

पॉवरकंपनी ने नए सत्र 2026-27 के लिए पूरा लेखा-जोखा बनाकर नियामक आयोग में नए टैरिफ के लिए याचिका दायर की है। इस याचिका में बताया गया है कि प्रचलित दर से 26216 करोड़ का राजस्व मिलने की संभावना है। इसी के साथ साल भर का खर्च 25460 करोड़ बताया गया है। ऐसे में 756 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन इसी के साथ पिछले सत्रों की अंतर की राशि का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि नए सत्र के फायदे को पुराने अंतर की राशि में कम करने के बाद भी 63 सौ करोड़ के राजस्व की और जरूरत होगी। नए सत्र में 26 सौ करोड़ का राजस्व मिलेगा,पुराना घाटा 63 सौ करोड़ है, ऐसे में नए सत्र के लिए कुल 32 हजार पांच सौ करोड़ से ज्यादा के राजस्व की जरूरत बताई गई है। इस जरूरत के हिसाब से ही नया टैरिफ तय करने की मांग रखी गई है।

---

### कांग्रेस ने कहा- स्काईवॉक तोड़कर बनाएं फ्लाईओवर

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि स्काई वॉक शहर की जनता की गले की हड्डी बन चुका है। रोज इसके पैनल गिर रहे हैं। राहगीरों की जान खतरे में पड़ी रहती है। भाजपा सरकार अपनी जिद छोड़े और शहर की जनता से माफी मांगकर स्काई वॉक तोड़कर वहां फ्लाईओवर बनाए, जिसकी आज जरूरत है। उन्होंने कहा, स्काईवॉक भाजपा के भ्रष्टाचार की स्मारक के रूप में छत्तीसगढ़ की जनता के सामने खड़ा है। तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा बिना किसी आवश्यकता के रायपुर शहर में एक स्काईवॉक बनाने का प्रोजेक्ट तैयार किया गया।



---

# स्वास्थ्य सेवाओं में मुंगेली बना प्रदेश का मॉडल, स्वास्थ्यांक ग्रेडिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वास्थ्य विभाग की टीम भावना से किए गए कार्यों के परिणामस्वरूप मुंगेली जिला प्रदेश के उत्कृष्ट स्वास्थ्य जिलों में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन और 50 प्रमुख स्वास्थ्य सूचकांकों पर उपलब्धि हासिल करने के कारण मुंगेली जिला वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ जिलों की श्रेणी में शामिल हुआ है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी 'स्वास्थ्यांक' ग्रेडिंग में मुंगेली जिले को 'अचीवर्स' श्रेणी में स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए 'मुख्यमंत्री अटल मॉनिटरिंग पोर्टल' के माध्यम से प्रमुख स्वास्थ्य सूचकांकों की सतत समीक्षा की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि मुंगेली जिले की यह उपलब्धि न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर व्यवस्था का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि संवेदनशील प्रशासन, सतत मॉनिटरिंग और टीमवर्क के माध्यम से जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। मुंगेली ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों में गर्भवती महिलाओं के पंजीयन में 98 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई, जबकि संस्थागत प्रसव का प्रतिशत 99.98 रहा। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चिरायु दल द्वारा चिन्हित 99.9 प्रतिशत बीमार बच्चों का उपचार भी सुनिश्चित किया गया। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन में मुंगेली जिले ने 91.7 प्रतिशत उपलब्धि के साथ प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर पूर्ण रूप से क्रियाशील है। जिले में 95.50 प्रतिशत लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जबकि 70 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 100 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों के वय वंदना कार्ड तैयार किए गए हैं।

■ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने दी बधाई

---

**प्रधानमंत्री ने युवा धावक अनिमेष की उपलब्धि और मल्हार की सांस्कृतिक धरोहर का किया उल्लेख**

# साय बोले- यह प्रदेश की प्रतिभा और विरासत को राष्ट्रीय सम्मान मिलने का क्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और आमजनों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 134वीं कड़ी का श्रवण किया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री ने कहा, आज का 'मन की बात' छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत गर्व, प्रेरणा और आत्मविश्वास का क्षण बन गया, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय मंच से प्रदेश की प्रतिभा और सांस्कृतिक धरोहर दोनों का उल्लेख कर पूरे छत्तीसगढ़ का सम्मान बढ़ाया है।



मुख्यमंत्री ने कहा, जब देश का सर्वोच्च नेतृत्व किसी राज्य की उपलब्धियों और प्रतिभाओं का उल्लेख करता है तो वह केवल व्यक्तियों का सम्मान नहीं होता, बल्कि करोड़ों प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं, परिश्रम और पहचान को राष्ट्रीय प्रतिष्ठा मिलती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'मन की बात' आज देश के सकारात्मक प्रयासों, नवाचारों, प्रतिभाओं और प्रेरक जीवन यात्राओं को राष्ट्रीय पहचान देने वाला एक सशक्त मंच बन चुका है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जशपुर जिले के छोटे से गांव घुइटांगर से निकलकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले युवा धावक अनिमेष कुजूर की उपलब्धि का उल्लेख कर प्रदेश के युवाओं को यह संदेश दिया है कि सीमित संसाधन किसी प्रतिभा की उड़ान को रोक नहीं सकते, यदि उसके भीतर लक्ष्य के प्रति समर्पण और मेहनत का जुनून हो।

### दो दिनों के भीतर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तीन बार टूटा

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में अनिमेष कुजूर और गुरिंदरवीर सिंह की उपलब्धि को जिस आत्मीयता और प्रेरक शैली में प्रस्तुत किया, वह देश के युवाओं में नई ऊर्जा भरने वाला है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान दोनों खिलाड़ियों से फोन पर संवाद करते हुए उल्लेख किया कि पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में महज दो दिनों के भीतर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तीन बार टूटा और इसे उन्होंने खेलों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का अद्भुत उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, यह केवल रिकॉर्ड टूटने की कहानी नहीं, बल्कि भारतीय युवाओं के आत्मविश्वास, अनुशासन और विश्वस्तरीय सोच की कहानी है।

### छत्तीसगढ़ में प्रतिभाओं की कमी नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ के युवा धावक अनिमेष कुजूर ने 100 मीटर दौड़ मात्र 10.15 सेकंड में पूरी कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया है और राष्ट्रमंडल खेल 2026 के लिए क्वालीफाई कर प्रदेश तथा देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा, अनिमेष की यात्रा विशेष रूप से प्रेरणादायक है, क्योंकि जशपुर के ग्रामीण परिवेश से निकलकर सैनिक स्कूल अंबिकापुर से शिक्षा प्राप्त करने वाले इस युवा ने सीमित परिस्थितियों में अपनी मेहनत, अनुशासन और परिवार के सहयोग के दम पर विश्वस्तरीय मंच तक पहुंचने का सफर तय किया है। मुख्यमंत्री ने कहा, अनिमेष की उपलब्धि यह साबित करती है कि छत्तीसगढ़ की धरती प्रतिभाओं से परिपूर्ण है और उचित अवसर मिलने पर यहां के युवा विश्व पटल पर अपनी पहचान स्थापित कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### खाद-बीज मिलने से खिले किसानों के चेहरे

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियों का लाभ धरातल पर अन्नदाताओं को सीधे तौर पर मिल रहा है, जिससे उनके चेहरों पर खुशहाली साफ देखी जा सकती है। जिला प्रशासन की कड़ी मॉनिटरिंग से समितियों में किसानों को खाद बीज आसानी से मिल रहा हैं। किसान खाद-बीज लेने समितियों में उत्साह के साथ पहुंच रहे है। बलौदाबाजार के पुरानी बस्ती के रहने वाले किसान हरिचंद कुर्रे ने बताया कि अपनी 65 डिसमिल कृषि भूमि पर खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार खेती कार्य के लिए उन्हें समय से काफी पहले ही पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज उपलब्ध हो गया है। इसके चलते उन्हें और क्षेत्र के अन्य किसानों को इस सीजन में किसी भी तरह की चिंता नहीं रही। किसान हरिचंद कुर्रे ने शासन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि सोसायटी में उन्हें किसी भी प्रकार की लाइन नहीं लगानी पड़ी और न ही किसी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ा। पूरी प्रक्रिया बेहद सुगम और आसान रही, जिससे उनका कीमती समय और ऊर्जा दोनों की बचत हुई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार किसानों के हित में बड़े फैसले ले रही है और धरातल पर काम कर रही है।

## पेज 9 के शेष

### अनीता केवट बनीं ...

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश साहू लगातार क्षेत्र का दौरा और मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण करते रहे। उपचुनाव में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बढ़-चढ़कर मतदान किया। सरपंच पद के लिए कुल चार प्रत्याशी मैदान में थे। मतगणना के बाद अनीता केवट (चश्मा छाप) ने कुल 610 मत प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी लोकेश्वर पंकज (गिलास छाप) को 250 मत मिले। वहीं मेमिन पैकरा (नारियल छाप) को 194 तथा संतोष साहू (बोरिंग छाप) को 14 मत प्राप्त हुए।

### नायब तहसीलदार से ...

पटवारी संघ हड़ताल पर चले जाएगा । यदि ऐसा होता है तो राजस्व विभाग का पूरा काम ठप पड़ जायेगा जिसका सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ेगा क्योंकि अभी वर्तमान समय खेती किसानी का समय है । उक्त तहसीलदारो के हड़ताल के बाद यदि पटवारी संघ भी हड़ताल में चले जाता है तो नामांतरण, सीमांकन, बटवारा, फौती, आय, जाति प्रमाण पत्र इत्यादि जैसे सारे काम रुक जाएगा। उक्त ज्ञापन सौंपने के लिए संभाग अध्यक्ष भावेश वर्मा जिला अध्यक्ष रसपाल सिंह , जिला उपाध्यक्ष विजय डहरिया, मनेश मांडवी, आशिफ अली , टीकाराम यादव , नरेंद्र वर्मा , बीरेन्द्र दिवान, संदीप पैकरा, प्रभात वर्मा, सुशील ध्रुव एवं दुर्गेश वर्मा उपस्थित रहे ।

### सूने मकान में ...

को प्रातः 09:00 बजे नौकरानी के घर में काम करने के लिए घर आने के बाद हुई। नौकरानी ने देखा कि घर के दरवाजा में लगा ताला टूटा हुआ था तथा अंदर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 305ए,331(4) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। शहर पुलिस द्वारा मामले की बारीकी से जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पता चला कि पीड़ित के मोहल्ले (सुभाष वार्ड) में ही किराए के मकान में रहने वाले दो संदिग्ध युवक घटना के बाद से गायब हैं।

### शराब दुकान में ...

सेल्समैन मनमानी करते हैं। वहीं दूसरी ओर, इस मामले में आबकारी निरीक्षक माधव राव ने संज्ञान लेते हुए बताया कि उनके पास शिकायत आई है कि सेल्समैन शराब के नशे में धुत होकर ग्राहकों से हुज्जत कर रहे हैं। उन्होंने मामले की जांच का आश्वासन दिया है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि प्रशासन जल्द से जल्द इस शराब दुकान में स्कैनर की व्यवस्था करे और गुंडागर्दी करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। अन्यथा आंदोलन किया जाएगा ,फिलहाल, सेल्समैन के बदसलूक व्यवहार से ग्राहकों में रोष है।

**पहल : 17 गांवों के बच्चे डिजिटल तकनीक से हो रहे रूबरू**

# हिरमी में छात्र-छात्राओं को 50 दिवसीय निःशुल्क कंप्यूटर मिलेगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

दर्पण वेलफेयर फाउंडेशन एवं राजपूत एजुकेशनल इंस्टीट्यूट हिरमी के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्र के स्कूली छात्र छात्राओं के लिए 50 दिनों का ग्रीष्मकालीन निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा से जोड़ना तथा डिजिटल तकनीक की जानकारी प्रदान करना है। प्रशिक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षकों द्वारा प्रोजेक्टर एवं टीवी स्क्रीन के माध्यम से प्रायोगिक तरीके से कंप्यूटर की बेसिक जानकारी, टाइपिंग, ड्राइंग सॉफ्टवेयर, डिजिटल शिक्षा एवं अन्य तकनीकी विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें नजदीकी करीब 17 ग्रामों के बच्चे पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण में भाग लेकर नई तकनीकी जानकारी सीख रहे हैं। संस्था के पदाधिकारियों में तनमय सिंह राजपूत ने बताया कि लगातार विगत पांच वर्षों से ये आयोजन निःशुल्क किया जा रहा हैं इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा से जोड़कर उन्हें भविष्य के लिए तकनीकी व डिजिटल युग में सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाना है। क्षेत्रवासियों ने इस निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उपयोगी पहल बताया।



### क्षेत्रवासियों ने की सराहना

दर्पण वेलफेयर फाउंडेशन एवं राजपूत एजुकेशनल इंस्टीट्यूट हिरमी के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्र के स्कूली छात्र छात्राओं के लिए 50 दिनों का ग्रीष्मकालीन निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा से जोड़ना तथा डिजिटल तकनीक की जानकारी प्रदान करना है। प्रशिक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षकों द्वारा प्रोजेक्टर एवं टीवी स्क्रीन के माध्यम से प्रायोगिक तरीके से कंप्यूटर की बेसिक जानकारी, टाइपिंग, ड्राइंग सॉफ्टवेयर, डिजिटल शिक्षा एवं अन्य तकनीकी विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें नजदीकी करीब 17 ग्रामों के बच्चे पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण में भाग लेकर नई तकनीकी जानकारी सीख रहे हैं।संस्था के पदाधिकारियों में तनमय सिंह राजपूत ने बताया कि लगातार विगत पांच वर्षों से ये आयोजन निःशुल्क किया जा रहा हैं इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा से जोड़कर उन्हें भविष्य के लिए तकनीकी व डिजिटल युग में सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाना है। क्षेत्रवासियों ने इस निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उपयोगी पहल बताया।

# समय पर नहीं पहुंचाया स्पीड पोस्ट, संविदा भर्ती से चुकी युवती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



तय समयावधि में डाक नहीं पहुंचाये जाने के कारण सेवा में कमी का दोषी मानते हुए उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा डाक विभाग को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए डाक शुल्क एवं मानसिक क्षतिपूर्ति राशि परिवादी को प्रदाय करने का आदेश दिया गया है। लवन निवासी परिवादिनी पूनम चौहान द्वारा तीन अलग अलग पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र डाकघर लवन से स्पीड पोस्ट के माध्यम से 12 मार्च 2025 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बलौदाबाजार -भाटापारा को प्रेषित किया गया।आवेदन पत्र पहुंचने की अंतिम तिथि 17 मार्च 2025 थी। सम्बंधित विभाग द्वारा उक्त तीनो बंद लिफाफे 19 मार्च 2025 को लेने से इंकार कर प्रेषक को वापस प्रेषित कर दिया गया। उक्त पत्र परिवादिनी को 24 मार्च 2025 को प्राप्त हुये। डाक विभाग की सेवा में लापरवाही के कारण परिवादिनी उक्त संविदा पदों में से एक पद में भर्ती होने का अवसर चूक गई। परिवादिनी द्वारा समयावधि में डाक नहीं पहुंचने तथा डाक विभाग की लापरवाही के कारण मानसिक पीड़ा आदि की क्षतिपूर्ति राशि हेतु जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया। आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि विरोधी पक्षकार द्वारा अनेक कारणों से डाक को तय समय पर नहीं पहुंचाया गया जो विरोधी पक्षकार का उक्त तर्क मान्य किये जाने योग्य नहीं है। विरोधी पक्षकार की ओर से समुचित साधनों का उपयोग न कर सेवा में कमी प्रमाणित किया गया है। परोक्त कृत्य से परिवादिनी को वर्तमान प्रकरण प्रस्तुत करना पड़ा जिससे उसे मानसिक एवं आर्थिक क्षति हुई है जिसकी क्षतिपूर्ति राशि विरोधी पक्षकार से प्राप्त करने की अधिकारिणी है। इसलिए विरोधी पक्षकारगण उपडाकपाल लवन तथा मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल, रायपुर को सेवा में कमी का आंशिक दोषी मानते हुये डाक के एवज में लिए शुल्क की राशि 123 रुपए एवं परिवादिनी को मानसिक एवं आर्थिक क्षतिपूर्ति के लिए राशि 10000 रुपए तथा वाद-व्यय के लिए 3000 रूपये प्रदाय किये जाने का आदेश किया गया है।

■ विभाग देगा 13,123 रुपए हर्जाना

# शाला विकास समिति मोहरा की अनूठी पहलबिना डोनेशन मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ग्राम मोहरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला विकास समिति ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के हित में सराहनीय पहल करते हुए बिना डोनेशन प्रवेश देने का निर्णय लिया है। समिति ने स्पष्ट किया है कि विद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं से किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क या डोनेशन नहीं लिया जाएगा। विद्यार्थियों को केवल शासन द्वारा निर्धारित शुल्क का ही भुगतान करना होगा।विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में कराई जाएगी। समिति के अनुसार शिक्षा को सेवा का माध्यम मानते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें।ग्रामीण क्षेत्रों में निजी विद्यालयों द्वारा अतिरिक्त शुल्क एवं डोनेशन लिए जाने की शिकायतों के बीच यह पहल अभिभावकों के लिए राहत भरी मानी जा रही है। इससे सरकारी विद्यालयों के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ने के साथ-साथ विद्यार्थियों का रुझान भी बढ़ने की उम्मीद है। इस संदर्भ में ग्राम पंचायत मोहरा की सरपंच तारिणी जवाहर वर्मा ने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों का प्रवेश शासकीय विद्यालय में कराने की अपील करते हुए कहा कि विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था उपलब्ध हैं।

# समाज कल्याण विभाग के नेतृत्व में किया गया नशा के विरुद्ध जनजागरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर समुदाय में धूम्रपान एवं नशापान के विरुद्ध व्यापक जनजागृति लाने हेतु बरमकेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिचर्चा सह बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर बरमकेला के अधिकारी कर्मचारी एवं सेक्टर अधिकारी, स्वास्थ्य सुपरवाइजर एवं मितानिन ने सहभागिता दी। इस अवसर पर प्रसिद्ध आध्यात्मिक संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी की दीदीयो द्वारा अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य, मेडिटेशन एवं धूम्रपान-तंबाकू उत्पाद सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में उपस्थित जन समुदाय को विस्तृत जानकारी दी।

समाज कल्याण विभाग सारंगढ़ की संस्था नवजीवन नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र सारंगढ़ में भी पुनर्वास लाभ ले रहे हितग्राहियों एवं स्टाफ के साथ अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया गया। नवजीवन नशा मुक्ति केंद्र, सारंगढ़ के अधीक्षक रोशन जायसवाल ने नशा मुक्ति केंद्र की सेवाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर युवाओं को सभी प्रकार के नशे का त्याग करने हेतु आह्वान किया। नशा मुक्ति केंद्र के अधीक्षक ने बताया कि नशे की लत से हम स्वयं कैसे बचे और कैसे समुदाय को भी इसके दुष्प्रभावों से बचाए। उन्होंने तंबाकू-गुटखा छोड़कर स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश देते हुए नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। आयोजन को सफल बनाने में समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।



# केशव प्रसाद यदु रेलवे से सेवानिवृत्त रेल परिवार ने दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

स्थानीय रेलवे टिकट घर के मुख्य बुकिंग सुपरवाइजर केशव प्रसाद यदु अपनी रेलवे की शासकीय सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त हुए। यदु ने लगभग 38 वर्ष 8 माह की सेवा रेल्वे को दी।उनके सेवानिवृत के अवसर पर रेल परिवार से जुड़े विभिन्न शाखाओं के रेल अधिकारी कर्मचारियों ने एक आयोजन कर उन्हें सम्मानित रूप से बधाई देते हुए उनके सफल सुखद और दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की।

स्थानीय रेल टिकट घर में केशव यदु के सम्मान में एक संक्षिप्त बिदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मंच पर सेवानिवृत लाल दास,एम एल यादव,तुलादास के साथ चीफ स्टेशन मैनेजर अजय कुमार एवं केशव यदु मंचस्थ थे।कार्यक्रम में उपस्थित रेल अधिकारियों ने अपने संबोधन में सेवानिवृत्त कर्मचारी केशव यदु को स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यकाल की भूरि भूरि प्रशंसा की।



इस दौरान अनेक कर्मियों ने उनके साथ बिताए गए कार्यकाल में उनसे मिले सहयोग की तारीफ करी और उनके सादगी पूर्ण व्यवहार की जमकर तारीफ की। यदु ने उनके बिदाई सम्मान में आयोजित सम्मान के लिए अपने रेल परिवार के साथियों के लिए उनका आभार जताते हुए कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन सीएसएम अजय कुमार ने किया। विदित हो कि केशव यदु सितम्बर 1987 में रेल सेवा में वाणिज्य विभाग में आए थे और आज लगभग 38 वर्ष 8 माह की अपनी सेवा पूरी कर सेवानिवृत हुए।अपनी रेल सेवा के दौरान वे रायपुर,दुर्ग,तिल्दा नेवरा, भटगांव में भी पदस्थ रहे।वे ज्यादातर भाटापारा में ही अपनी सेवाएं दी और भाटापारा से ही टिकट घर के मुख्य बन कर सेवानिवृत हुए। बिदाई सम्मान समारोह में काफी अच्छी तादाद में रेल परिवार से जुड़े लोग उपस्थित थे।

# सरोजिनी रामकुमार वर्मा बने पंच

**मुंडा।** त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव में 1 जून 2026 को ग्राम पंचायत कोलिहा में वार्ड क्रमांक 4 में पंच का निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन किया गया जिसमें चार सदस्यों ने भाग लिया जिसमें सरोजिनी रामकुमार वर्मा 109 वोट रूप कुमारी 29 वोट कमला वर्मा 9 वोट संतोषी आडील 1 वोट प्राप्त हुआ जिसमें सरोजिनी रामकुमार वर्मा ने 129 वोट हासिल कर विपक्षी प्रत्याशी को 80 वोटो से हराकर विजय हासिल किया वहीं जीत हासिल होते ही कार्यकर्ताओं व गांव वालों ने गुलाल तिलक व माला पहनाकर सम्मानित किया जिसमें सम्मिलित डॉक्टर किशोर वर्मा, रामसनेही वर्मा, किरण वर्मा, कृष्णा कश्यप, धीरेंद्र कश्यप, विजय कश्यप, नानू कश्यप, देवेश कश्यप, सुखचंद वर्मा, लोमस वर्मा, सुनील वर्मा, अमित वर्मा, शिवनंदन वर्मा, विक्की साहू सहित ग्रामवासी ने बधाई दिया।



# सहकारी बैंक के अध्यक्ष निरंजन का प्रवास महिला समूहों और किसानों को बांटे चेक

**पलारी।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा एवं उपाध्यक्ष अभिनेष कश्यप जिले के शाखा प्रवास पर रहे इस दौरान उनका ग्राम माठ व संडी बंगला में साख समिति एवं किसानों द्वारा स्वागत किया गया वे शाखा कोदवा के कार्यक्रम में शामिल होकर एसएचजी एवं एनआरएलएम के महिला स्व सहायता समूह को मत्स्य पालन एवं तार फेंसिंग हितग्राहियों को चेक वितरण किया गया पश्चात पलारी में बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चन्द्राकर के निवास स्थान में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर शाखा कोसमंदी में जिला सहकारी बैंक के संस्थापक वामन बलिराम लाखे की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं



तार फेंसिंग के हितग्राहियों चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला नोडल कार्यालय बलौदाबाजार में प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समितियों के प्राधिकृत अधिकारियों एवं कृषकों द्वारा बैंक अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का स्वागत सम्मान किया गया पश्चात जिला बलौदाबाजार के अंतर्गत शाखाओं के शाखा प्रबंधको की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया यंहा भी मतस्य पालन एवं तार फेंसिंग के हितग्राही को चेक प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री अमित वर्मा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा नंद वर्मा, जनपद सदस्य उमेश यदु, भाजयुमो अध्यक्ष प्रमोद देवांगन, पूर्व अध्यक्ष सनकुमार साहू, प्राधिकृत अधिकारी चूणामणि साहू, केशरी वर्मा, योगी वर्मा, गोविंद वर्मा, राजेन्द्र साहू सहित कार्यकर्ता एवम बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी तहसील पलारी जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.**

क्रमांक /588 / ना.तह./वा./2026

सण्डी, दिनांक 25/05/2026

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.अ/6 (अ) वर्ष 2025-26

प.ह.नं. 36 ग्राम पत्थरचुवा, तहसील पलारी

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम वासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखीराम पिता शिवचरण जाति गोंड़ निवासी पत्थरचुवा तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम पत्थरचुवा प.ह.नं. 36 स्थित भूमि ख०नं० 359, 395/1 रकबा क्रमशः 0.2430, 0.3160 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.5590 हे. भूमि बाजूराम पिता शिवचरण जाति गोंड़ के नाम पर एकल खाते के रूप में राजस्व अभिलेख में दर्ज चला आ रहा है। उक्त भूमि में मेरा नाम बाजूराम पिता शिवचरण अंकित है। मेरे आधार कार्ड, राशन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में सुखीराम पिता शिवचरण अंकित है। दोनों नाम मेरा ही है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। उक्त भूमि पर से मेरा नाम बाजूराम पिता शिवचरण को सुधार कर सुखीराम पिता शिवचरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा आवेदनमय बी-1 खसरा की कापी संलग्न कर प्रस्तुत किया है। जो कि प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त के संबंध में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम दिनांक 04/06/2026 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**सण्डी/पलारी**

# प्राचार्या शम्पा को विदाई, सचित्र पुस्तक का विमोचन एवं संग्रहालय का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय महाविद्यालय खरोरा में प्राचार्या शम्पा चौब के सेवानिवृत्ति अवसर पर गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार ने उनके दीर्घ, समर्पित एवं प्रेरणादायी सेवाकाल के लिए सम्मान व्यक्त करते हुए भावभीनी विदाई दी।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्राचार्या श्रीमती चौब ने अपने कार्यकाल में शिक्षा, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों की जो अमूल्य विरासत स्थापित की है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी। उनके नेतृत्व, परिश्रम और समर्पण से महाविद्यालय ने शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में नई उपलब्धियां हासिल कीं। समारोह के दौरान महाविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों पर आधारित सचित्र पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इसके साथ ही महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पूर्णेन्द्र पाध्याय के करकमलों से नवीन संग्रहालय का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पूर्णेन्द्र पाध्याय, सांसद प्रतिनिधि विकास ठाकुर, जनभागीदारी समिति के सदस्यगण, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सभी ने शम्पा चौब के स्वस्थ, सुखमय एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। समारोह का समापन सम्मान समारोह एवं आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।





## खबर संक्षेप

### प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा 4 जून को

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 4 जून 2026 को प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिये जिले में 11 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं जिसमें 3168 अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा एक पाली में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12 :15 बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को प्रातः 9:30 बजे से पूर्व परीक्षा केन्द्र पहुंचना अनिवार्य है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने परीक्षा आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारी समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय डी. के.कॉलेज बलौदाबाजार केन्द्र में 360 अभ्यर्थी, शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 360, पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल में 360, पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या हाई स्कूल में 240, एमडीव्ही बलौदाबाजार में 240,पीएम श्री स्वामी आत्मानन्द शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लवन में 360, शाश्वत हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार में 300, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सकरी में 180, अहिल्या इंटरनेशनल सस्कूल में 360, शासकीय ज्ञीएनए महाविद्यालय भाटापारा में 309 एवं शासकीय बहु उद्देशीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भाटापारा में 108 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

### प्राकृतिक आपदा में मृत्यु पर आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बिलाईगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सरकार में आपदा पीड़ितों को त्वरित सहायता दिया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जिले में प्राकृतिक आपदा से हुए मौत पर, सभी मृतकों के वारिस के लिए राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 के तहत चार लाख रूपये का आर्थिक सहायता स्वीकृत किया है। आपदा प्रकरण में दीवाल गिरने से श्याम सुंदर निषाद निवासी बरगांव तहसील सरिया की मृत्यु होने पर मृतक की पत्नी कुमारी निषाद, सर्पदंश से मौत मामले में ग्राम नदीगांव के मृतक कार्तिक राम कहरा के पुत्र दिवाकर आदित्य और दयालपुर तहसील बिलाईगढ़ निवासी मृतिका ललिता बाई के पति अंतलाल खैरवार तथा पानी में डूबने से हुई मौत पर सारंगढ़ तहसील के ग्राम हिर्री की मृतिका मधुमालती के पिता चंद्रशेखर खुराना, बरमकेला तहसील के ग्राम खिचरी के मृतक चित्रसेन चौहान की पत्नी कुशी चौहान के सयुंक्त परिवार के लिए कलेक्टर ने चार लाख रूपये स्वीकृत किया है।

### नींबू शरबत का वितरण



**भाटापारा।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा भाटापारा द्वारा भीषण गर्मी तथा लू के तेज प्रवाह को देखते हुए आम लोगों को राहत पहुंचाने हेतु 31 मई को दोपहर 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक नींबू का शरबत पिलाया गया। यह कार्य भाटापारा रेलवे स्टेशन के समीप किया गया करीब 500 लीटर शरबत को तैयार करने में बड़ी संख्या में समूह सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा। उक्त जानकारी संजय तिवारी प्रचार मंत्री समूह शाखा भाटापारा ने दी।

### देवी अहिल्या बाई होल्कर को किया नमन

**रायपुर।** राजधानी में शिव भक्तिनी एवं कुशल प्रशासिका देवी अहिल्या बाई होल्कर की जयंती अवसर पर उन्हें याद किया गया। राजा तालाब कैनाल लिकिंग रोड के किनारे लोटस स्थित उनके मूर्ति स्थल पर उन्हें नमन करने निगम के संस्कृति विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुष्पांजलि कार्यक्रम में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, छग राज्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, वार्ड पार्षद राजेश गुप्ता, वराड़े धनकर समाज मण्डल अध्यक्ष सुब्बा राव सावरकर, पूर्व पार्षद अखिलेश कश्यप, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि सुनील चौधरी, 4 जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, सहायक अभियंता दीपक देवांगन सहित गणमान्य इस मौके पर उपस्थित रहे।

# 'खेत बचाओ अभियान' शुरू, प्राकृतिक खेती पर दिया जा रहा जोर

## किसानों को दी जाएगी उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा प्राकृतिक खेती के महत्व की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन के निर्देशानुसार रासायनिक उर्वरकों के सीमित व संतुलित उपयोग और प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों व आम नागरिकों में जागरूकता और जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 1 जून से 30 जून 2026 तक देश व्यापी खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखण्डों के 5-5 ग्राम पंचायतों में अभियान अंतर्गत प्रति दिवस कृषक संगोष्ठी, कृषि चौपाल, जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कृषि एवं संवर्गीय विभागों के द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जा रहा है। खेत बचाओ अभियान अन्तर्गत जिले में आज विकासखण्ड पलारी के ग्राम पंचायत वटगन, देवसुन्द्रा, छेरकापुर, रींवाडीह, टिपावन, विकासखण्ड भाटापारा में भोथीडीह, मोपका विकासखण्ड बलौदाबाजार में डमरू, चंगोरी, लवन विकासखण्ड कसडोल में पुलेनी, खपरीडीह, सोनाखान, चरौदा क, थरगांव आदि ग्रामों में आयोजित किया गया। किसानों तथा नागरिकों के मध्य रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग से मृदा स्वास्थ्य पर प्रभाव तथा प्राकृतिक खेती के महत्व विषय पर वैज्ञानिक परिचर्चा हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक उपस्थित रहेंगे।



### प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने की ली शपथ

वैज्ञानिक पद्धति से खेती तथा काश्त लागत में कमी संबंधी विषय पर भी चर्चा की जाएगी। कृषकों तथा नागरिकों को प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने हेतु शपथ दिलायी जाएगी, पंचायत स्तर पर किसानों एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर कम से कम 25 प्रतिशत कृषि भूमि पर प्राकृतिक खेती अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। खाद्य तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कमी लाने हेतु जीवन शैली एवं खान-पान संबंधी व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित किया जाएगा। मृदा परीक्षण आधारित पोषक तत्वों को बढ़ावा तथा फसल की आवश्यकतानुसार उर्वरक उपयोग हेतु कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से सलाह,हरी खाद, नील हरित काई के उपयोग को बढ़ावा, यूरिया, डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके, एसएसपी, जैव उर्वरक, नैनो उर्वरक जैविक खाद तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों का उपयोग अनुशंसा अनुरूप करने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## बैठक : महतारी वंदन योजना के 1223 लंबित मामलों को एक सप्ताह में निपटाने के निर्देश

# कोई भी गंभीर कुपोषित बच्चा उपचार से वंचित नहीं रहना चाहिए : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिले के सभी परियोजना अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में कुपोषण की स्थिति, गंभीर कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की संख्या, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए होम विजिट, बच्चों के वजन मापन, स्वास्थ्य परीक्षण तथा पोषण संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कुपोषित बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उन्हें शीघ्र सामान्य श्रेणी में लाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। कलेक्टर ने जिले में संचालित महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की भी बारीकी से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को मिलने वाले लाभ, लंबित प्रकरणों तथा योजना के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र महिलाओं को समय पर लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

### प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें




### कुपोषण की स्थिति और एनआरसी के खाली बेड पर जताई नाराजगी

बैठक में पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने गंभीर कुपोषित बच्चों के उपचार के लिए उपलब्ध बेड की जानकारी लेते हुए नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें तत्काल एनआरसी में भर्ती कराया जाए, ताकि उन्हें बेहतर उपचार एवं पोषण मिल सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एनआरसी की उपलब्ध सुविधाओं का पूर्ण उपयोग होना चाहिए और कोई भी गंभीर कुपोषित बच्चा उपचार से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके अलावा कलेक्टर ने सखी वन स्टॉप सेंटर की गतिविधियों की भी समीक्षा की। उन्होंने सेंटर में प्राप्त प्रकरणों, उनके निराकरण की स्थिति तथा पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही सेंटर में महिलाओं के लिए भोजन, आवास, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी प्रमुख योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर कार्य करने, नियमित मॉनिटरिंग करने तथा लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला एवं परियोजना स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें

बैठक में महतारी वंदन योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने ई-केवाईसी की वर्तमान स्थिति, लंबित मामलों तथा हितग्राहियों को आ रही समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन हितग्राहियों की राशि किसी कारणवश लंबित है, उनके प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में महतारी वंदन योजना के 1223 हितग्राहियों की राशि विभिन्न कारणों से लंबित है। इस पर कलेक्टर ने सभी परियोजना अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी पात्र हितग्राही को योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड दौरा बढ़ाने तथा योजनाओं की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

# लेवई में 5 लाख की लागत से पानी टंकी निर्माण कार्य का भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-05 अंतर्गत ग्राम लेवई में जिला पंचायत सभापति श्रीकांत राजा जायसवाल द्वारा 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाली पानी टंकी निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस योजना के पूर्ण होने से ग्राम लेवई के सैकड़ों परिवारों को शुद्ध पेयजल की स्थायी सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण महामंत्री खुमान सिंह वर्मा, जनपद सभापति ठाकुर राम साहू, सरपंच प्रतिनिधि गोविंद ध्रुव, डॉ. नंदराम वर्मा, प्रेमपुरी महाराज, सुरेश देवांगन, डॉ. देवांगन जी सहित पंचायत परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भूमि पूजन के अवसर पर उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति श्रीकांत राजा जायसवाल ने कहा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचे। 'जल जीवन मिशन' और 'नल-जल योजना' के माध्यम से हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुँचाना हमारी प्राथमिकता है। ग्राम लेवई में आज हुआ यह भूमि पूजन उसी संकल्प की एक कड़ी है। उन्होंने आगे कहा की डबल इंजन की सरकार गाँव, गरीब और किसान के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। पानी टंकी का यह कार्य 3 माह में पूर्ण कर ग्रामवासियों को समर्पित किया जाएगा। सभापति ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों ने पेयजल समस्या के स्थायी समाधान हेतु सभापति का आभार व्यक्त किया।

# नशा ही सभी अपराधों की जड़ : प्रवीण मिंज



**कसडोल।** कसडोल नगर में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वधान में स्थानीय बस स्टैंड में नशा मुक्ति प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें प्रमुखरूप से कसडोल थाना प्रभारी प्रवीण मिंज ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा समाज की सबसे बड़ी बुराई है, इससे ही सभी प्रकार के अपराध को बढ़ावा मिलता है इससे सभी को दूर रहना चाहिए तभी एक सभ्य समाज का निर्माण हो पायेगा। इसी कड़ी में बी के सीता ने कहा कि हम सबको मिलकर नशा मुक्त भारत बनानी है उसके पहले हमे स्वयं में सुधार आवश्यक है नशा सिर्फ एक नहीं किसी भी चीज का लत लग जाना भी एक नशा है हमें सभी प्रकार के नशा को छोड़ना होगा। आपको बता दे कि प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय का मुख्य उद्धेश्य लोगों को आंतरिक शांति प्रदान करना, विकारों से मुक्त करना और एक ऐसी दुनिया की स्थापना में सहयोग करना है जो शांति, पवित्रता और प्रेम पर आधारित हो, इस संस्था की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसका संचालन और नेतृत्व मुख्य रूप से महिलाओं (ब्रह्माकुमारियों) द्वारा ही किया जाता है।

# मानिकपुरी पनिका समाज का पुनर्गठन नए प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति

**खरोरा।** प्रांतीय मानिकपुरी पनिका समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ललित कुमार मानिकपुरी ने समाज के संविधान में वर्णित नियमों एवं प्रावधानों के तहत संगठन के पुनर्गठन की घोषणा करते हुए वरिष्ठ समाजसेवियों को विभिन्न प्रदेश स्तरीय दायित्व सौंपे हैं। जारी आदेश के अनुसार नव-नियुक्त पदाधिकारियों को समाज के विकास, प्रगति एवं संगठनात्मक एकता को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही समाज में समता, सद्भाव, मैत्री और भाईचारे का वातावरण बनाए रखते हुए समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया गया है। नियुक्त पदाधिकारी इस प्रकार हैं गोपाल दास पड़वार, निवासी खरोरा, जिला रायपुर को प्रदेश उपाध्यक्ष (छत्तीसगढ़) नियुक्त किया गया है। मधुर दास महंत, निवासी ग्राम लाहौद, जिला बलौदा बाजार-भाटापारा को प्रदेश प्रवक्ता का दायित्व सौंपा गया है। सेवक दास दीवान, निवासी बसना, जिला महासमुंद को प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। एच. डी. महंत, निवासी रायपुर को प्रदेश समन्वयक एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाया गया है। तिरीथ कुमारी मानिकपुरी, निवासी ग्राम नवरंगपुर, पोस्ट पाटसेंदरी (सरायपाली), जिला महासमुंद को प्रदेश अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ नियुक्त किया गया है। खुशीराम दास मानिकपुरी, सेवानिवृत्त शिक्षक, निवासी पाटसेंदरी (सरायपाली), जिला महासमुंद को वरिष्ठ सलाहकार की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ललित कुमार मानिकपुरी ने बताया कि संगठन के पुनर्गठन का उद्देश्य समाज को और अधिक संगठित एवं सशक्त बनाना है। उन्होंने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए समाज के उत्थान और विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की अपेक्षा जताई है।

# कृषि केंद्रों पर छापेमारी, अनियमितता पर 3 सेंटर्स को कारण बताओ नोटिस

**बलौदाबाजार/कसडोल।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार खरीफ 2026 अंतर्गत जिले के किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद बीज एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग लगातार छापेमारी की कार्यवाही जारी है।इसी तारतम्य में सोमवार को जिले के विभिन्न विकासखण्डो के कृषि केंद्रों का निरीक्षण किया गया तथा अनियमितता पर 3 केंद्रों को नोटिस जारी किया गया। विकासखंड कसडोल के निरीक्षक धनेश्वर साय द्वारा जोगी कृषि केंद्र, कसडोल एवं महामाया कृषि केंद्र, असनिद का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए। विकासखंड भाटापारा के उर्वरक निरीक्षक अवधेश उपाध्याय द्वारा न्यू साहू कृषि केंद्र, तरेंगा एवं विनय इंटरप्राइजेज भाटापारा का औचक निरिक्षण कर बीज नमूना संग्रहण



कर परिक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। विकासखंड बलौदा बाजार के उर्वरक निरीक्षक लोकनाथ दीवान के द्वारा यश कृषि केंद्र, खम्हरिया का निरिक्षण किया गया। निरिक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में अभिलेखों का उचित संधारण नहीं पाया गया, उपलब्ध उर्वरक स्कंध एवं मूल्य सूचि का प्रदर्शन नहीं किया था, जिस कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। विकासखण्ड बलौदाबाजार ग्राम धारसिव के अशोक कृषि केंद्र का औचक निरिक्षण किया गया निरिक्षण के दौरान कृषि केंद्र में बिल बुक एवं स्त्रोत प्रमाण पत्र का संधारण नहीं पाया गया, जिस कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ग्राम लवनबंद के लाला साहू कृषि केंद्र का औचक निरिक्षण किया गया निरिक्षण के दौरान कृषि केंद्र में अभिलेखों का उचित संधारण नहीं पाया गया जिस कारण उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उपसंचालक कृषि शदीपक कुमार नायक द्वारा जिले के समस्त निरीक्षकों को विकासखण्ड स्तर पर संचालित समस्त कृषि आदान विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण हेतु करने तथा अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। किसान भाइयों से अपील अपील की गई है की वे खेतो में संतुलित उर्वरक का उपयोग करें।

## संदीप साहू ने रंगमंच के लिए दी 5 लाख की सौगात

# पलारी में यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन मेधावी छात्रों का नकद राशि व मेडल से सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छग झेरिया यादव समाज (5066) लवनराज पलारी परीक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन राधाकृष्णा मंदिर बालसमुद पलारी में गत दिवस सम्पन्न हुआ जिसमे समाज की एक वर्ष की आय-व्यय का पठन पाठन कर समाज में प्रस्तुत किया गया। साथ ही साथ यादव समाज के 10वी की वार्षिक परीक्षा में ज्योतिका यादव 91.6 प्रतिशत, ईशा यादव 84 प्रतिशत, घनश्याम यादव 85.8 प्रतिशत, तन्मय यादव 81.4 प्रतिशत, ऋषभ यादव 80 प्रतिशत, दीपिका यादव 78 प्रतिशत,अंजू यादव 76.5 प्रतिशत तथा 12वी में भूमिका यादव 88 प्रतिशत, परमेश्वर यादव 87.6 प्रतिशत, वंदना यादव 87 प्रतिशत, लुमांशु यादव 83.6 प्रतिशत, लक्ष्मी यादव 80.2 प्रतिशत,सोनम यादव 78.4 प्रतिशत, रागिनी यादव 76.8 प्रतिशत, भावेन यादव 75.2 प्रतिशत



लाने वाले उत्कृष्ट विद्यार्थियों का डॉ दिलेश्वर यादव द्वारा 1 हजार रूपये व यादव समाज द्वारा 1000 रूपये नगद प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप साहू विधायक कसडोल थे. अध्यक्षता जगनीक यादव प्रदेश अध्यक्ष झेरिया यादव समाज छग ने की, विशेष अतिथि सविता भीम यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी, गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी का समाज की ओर से गाजे बाजे के सांथ स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### शिक्षा को हथियार बनाकर आगे बढ़े

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक साहू ने यादव समाज के साथ हमेशा खड़े रहकर समाज के विकास में अपना योगदान देने की बात कही उन्होंने कहा कि यादव समाज तरक्की के राह पर अग्रसर तथा छेत्र में अपना लोहा मनवाया है, विधायक साहू ने रंगमंच के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने इस कार्यक्रम के माध्यम से अपने उदबोधन में छग की राजनीति दलो के पक्ष-विपक्ष को स्पष्ट चेताया है कि अब जो भी दल यादव समाज को महत्व देगा उसे यादव समाज भी भरपुर सहयोग प्रदान करेगा। नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने समाज शिक्षा को हथियार बनाकर आगे बढ़ने की बात कही उन्होंने राधाकृष्ण मंदिर के समीप पचरी निर्माण की घोषणा की। जनपद अध्यक्ष पलारी सविता भीम यादव ने भी समाज के महिला और युवा साथी को साथ लेकर लेकर समाज समाज के विकास में भागीदारी सुनिश्चत करने पर जोर दिया।

### ये रहे शामिल

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुकालुराम यदु प्रदेश संरक्षक, भगत यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, सुंदरलाल यादव प्रदेश सचिव, जी आर यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष, मनोज यादव प्रदेश संयुक्त सचिव, आर डी यादव प्रदेश सदस्य, रंजीत यादव प्रदेश सदस्य, सुरेन्द्र यादव जिला अध्यक्ष, सुश्री सुमित्रा घृतलहरे अध्यक्ष जिला कांग्रेस कामेटी, खिलेन्द्र वर्मा पूर्व अध्यक्ष जनपद जनपद अध्यक्ष, भीम यादव, हितेन्द्र ठाकुर, रवि बंजारे अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस, मेघनाथ यादव उपाध्यक्ष,संतोष यादव, बिसाहू यादव, पीलाराम यादव परिक्षेत्र अध्यक्ष बलौदाबाजार, पुनाराम यादव अध्यक्ष सुहेला, नंदकुमार यादव अध्यक्ष पलारी परिक्षेत्र, घासूराम यादव उपाध्यक्ष शंकर यादव उपाध्यक्ष, कमलेश यदु सचिव, नंदकुमार यादव कोषाध्यक्ष, संरक्षक दयाराम यादव, बरतीया यादव,लखन लाल यादव, कार्तिकराम यादव, धन्नु यादव,ओकार यादव, गंगाराम यादव, दिलीप यादव उपस्थित थे।

# एक अधिकारी को तीन कार्यालय का प्रभार



**गोपालपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग सारंगढ़-बिलाईगढ़ के परियोजना बिलाईगढ़ के परियोजना अधिकारी तेजस्वी ध्रुव को भटगांव, कोसीर परियोजना कार्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है जहां एक अधिकारी को तीन कार्यालय का प्रभार देने से शासन की विभिन्न योजना व विभाग के कार्य भगवान भरोषा संचालित हो रहे है वही अधिकारी की मौज हो गया है क्षेत्रीय विभिन्न लोगो सहित आवेदक उज्जैन रात्रे विधायक प्रतिनिधि आदिमजाति कल्याण विभाग विधानसभा बिलाईगढ़ ने इसकी लिखित शिकायत पत्र कलेक्टर सारंगढ़ को बुधवार को सौपा है जिसमे उन्होंने परियोजना भटगांव के कार्यालय का प्रभार डिप्टी कलेक्टर सारंगढ़ या तहसीलदार भटगांव को देने की मांग किया है ज्ञात हो कि परियोजना अधिकारी बिलाईगढ़ तेजस्वी ध्रुव पिछले 06 साल से अधिक समय से एक ही परियोजना कार्यालय बिलाईगढ़ में पदस्थ है,जहां परियोजना अधिकारी बिलाईगढ़ को लाभ पहुँचाने की नियत से विभाग के कोसीर व भटगांव कार्यालय का अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया है।